

INFUSION NOTES

WHEN ONLY THE BEST WILL DO

MPPSC-PCS

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग

प्रारंभिक परीक्षा हेतु

भाग – 5

सामान्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी

प्रस्तावना

*प्रिय पाठकों, प्रस्तुत नोट्स "**MPPSC -PCS (Madhya Pradesh Public Service Commission) (प्रारंभिक परीक्षा हेतु)**" को एक विभिन्न अपने अपने विषयों में निपुण अध्यापकों एवं सहकर्मियों की टीम के द्वारा तैयार किया गया है / ये नोट्स पाठकों को **मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग (MPPSC)** द्वारा आयोजित करायी जाने वाली परीक्षा "**संयुक्त राज्य / अपर अधीनस्थ सेवा (PCS)**" भर्ती परीक्षा में पूर्ण संभव मदद करेंगें /*

अंततः सतर्क प्रयासों के बावजूद नोट्स में कुछ कमियों तथा त्रुटियों के रहने की संभावना हो सकती है / अतः आप सूचि पाठकों का सुझाव सादर आमंत्रित हैं/

प्रकाशकः

INFUSION NOTES

जयपुर, 302029 (RAJASTHAN)

मो : 9887809083

ईमेल : contact@infusionnotes.com

वेबसाइट : http://www.infusionnotes.com

WhatsApp करें - https://wa.link/yqtoiy

Online order करें - https://bit.ly/3AAJwpU

मूल्य : ₹

संस्करण : नवीनतम (2024)

सामान्य विज्ञान		
क्र.स.	अध्याय	पेज नं.
1.	भौतिक विज्ञान का प्रारंभिक ज्ञान • मापन • कार्य बल एवं ऊर्जा • दाब • घनत्व • गति एवं गति विषयक नियम • ध्वनि एवं ध्वनि तरंग • प्रकाशिकी एवं लेंस • प्रकाश का परावर्तन, अपवर्तन • दर्पण एवं लेंस • ऊष्मा • विद्युत एवं चुंबकत्व	1
2.	रसायन विज्ञान का प्रारंभिक ज्ञान • सामान्य परिचय • पदार्थों की अवस्थाएं एवं वर्गीकरण • पदार्थ के भौतिक गुण • परमाणु संरचना • रदरफोर्ड का परमाणु मॉडल • प्लांक का क्वांटम सिद्धांत • गैसों का आचरण • तत्वों का आवर्ती वर्गीकरण • धातु, अधातु एवं उपधातु • कार्बन और इसके यौगिक • बहुलक • कृषि में रसायन • परमाणु भौतिकी	40

3.	जीव विज्ञान का प्रारंभिक ज्ञान • कोशिका • ऊतक • रक्तसमूह एवं Rh कारक • मस्तिष्क एवं तंत्रिका तंत्र • मानव शरीर की संरचना	80
4.	पोषण, आहार, पोषक तत्व एवं कुपोषण • पोषक पदार्थ • प्रोटीन	114
5.	स्वास्थ्य देखभाल • अनुवांशिक रोग, सिकल सेल एनीमिया • संक्रामक, असंक्रामक रोग • स्वास्थ्य नीति, कार्यक्रम • कारण, प्रभाव, निदान एवं कार्यक्रम	120
6.	पादपों का अध्ययन • पादप कार्यिकी • प्रकाश संश्लेषण • प्रकाश • वनस्पतियों में जनन • पादपों में लैंगिक जनन	132
7.	सतत विकास कार्यक्रम • 17 लक्ष्यों की सूचि	141
8.	भारत के प्रमुख वैज्ञानिक • वैज्ञानिक संस्थान और उनकी उपलब्धियाँ	142
9.	उपग्रह एवं अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी • अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में भारत की उपलब्धियां	145

10.	पारिस्थितिकी एवं पारिस्थितिकी तंत्र • जैविक घटक • अजैविक घटक • खाद्य श्रृंखला एवं खाद्य जाल • पर्यावरण एवं जैव विविधता • प्रदूषण, प्राकृतिक आपदाएं एवं प्रबंधन	162
11.	सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी • कम्प्यूटर प्रौद्योगिकी • सूचना प्रौद्योगिकी • संचार प्रौद्योगिकी • सूचना प्रौद्योगिकी का भविष्य	173
12.	रोबोटिक्स, Artificial Intelligence, साइबर सुरक्षा • इन्टरनेट ऑफ़ थिंग्स • क्रिप्टो करेंसी	195
13.	ई – गवर्नेंस	204
14.	इन्टरनेट तथा सोशल नेटवर्किंग प्लेटफॉर्म्स	207

अध्याय – I

भौतिक विज्ञान का प्रारंभिक ज्ञान

- **मापन**
- **भौतिक राशियाँ-** भौतिकी के नियमों को जिन्हें राशियों के पदों में व्यक्त किया जाता हैं, उन्हें भौतिक राशियां कहते हैं :जैसे - लम्बाई, बल, चाल, वस्तु का द्रव्यमान, घनत्व इत्यादि । भौतिक; राशियाँ दो प्रकार की होती हैं - अदिश और सदिश ।
- **अदिश राशियां-** जिन भौतिक राशियों के निरूपण के लिए केवल परिमाण की आवश्यकता होती हैं, किन्तु दिशा की कोई आवश्यकता नहीं होती, उन्हें अदिश राशि कहा जाता हैं । द्रव्यमान, चाल, समय, दूरी, ऊर्जा, आवेश, विद्युत धारा, विभव इत्यादि अदिश राशि के उदाहरण हैं ।
- **सदिश राशि-** जिन भौतिक राशियों के निरूपण के लिए परिमाण के साथ-साथ दिशा की भी आवश्यकता होती हैं, उन्हें सदिश राशि कहा जाता हैं। **बल, वेग, भार, त्वरण, विस्थापन इत्यादि सदिश राशि के उदाहरण हैं ।**
- भौतिकी के नियमों को समय, घनत्व, बल, ताप तथा अन्य भौतिक राशियों द्वारा व्यक्त किया जाता हैं ।

मापन की इकाइयाँ (Units of Measure)

- भौतिक विज्ञान में लम्बाई, द्रव्यमान एवं समय के लिए तीन मूलभूत इकाइयाँ प्रयुक्त होती हैं । अन्य इकाइयाँ इन्हीं तीनों मौलिक इकाइयों से बनी है। माप की इकाइयाँ दो प्रकार की होती हैं - मूल इकाई और व्युत्पन्न इकाई ।

मूल मात्रक / इकाई (Fundamental Units) – किसी भौतिक राशि को व्यक्त करने के लिए कुछ ऐसे मानकों का प्रयोग किया जाता हैं जो अन्य मानकों से स्वतंत्र होते है, इन्हें मूल मात्रक कहते; जैसे - लम्बाई, समय और द्रव्यमान के मात्रक क्रमशः मीटर, सेकेण्ड एवं किलोग्राम मूल इकाई हैं।

व्युत्पन्न मात्रक / इकाई (Derived Units) – किसी भौतिक राशि को जब दो या दो से अधिक मूल इकाइयों में व्यक्त किया जाता हैं, तो उसे व्युत्पन्न इकाई कहते हैं जैसे बल, दाब, कार्य एवं विभव के लिए क्रमशः न्यूटन, पास्कल, जूल एवं वोल्ट व्युत्पन्न मात्रक हैं ।

- **मात्रक पद्धतियाँ (System of Units)**

भौतिक राशियों के मापन के लिए निम्नलिखित चार पद्धतियां प्रचलित हैं -

i. **CGS पद्धति (Centimetre Gram Second System) –** इस पद्धति में लम्बाई, द्रव्यमान तथा समय के मात्रक क्रमशः सेंटीमीटर, ग्राम और सेकण्ड होते हैं । इसलिए इसे Centimeter Gram Second या CGS पद्धति कहते हैं । इसे फ्रेंच या मीट्रिक पद्धति भी कहते हैं ।

ii. **FPS पद्धति (Foot Pound Second System) –** इस पद्धति में लम्बाई, द्रव्यमान तथा समय के मात्रक क्रमशः फुट, पाउण्ड और सेकण्ड होते हैं । इसे ब्रिटिश पद्धति भी कहते हैं ।

iii. **MKS पद्धति (Metre Kilogram Second System) –** इस पद्धति में लम्बाई, द्रव्यमान और समय के मात्रक क्रमशः मीटर, किलोग्राम और सेकण्ड होते हैं ।

iv. **अंतर्राष्ट्रीय मात्रक पद्धति (System International – S.I. Units) –** सन् 1960 ई. में अन्तर्राष्ट्रीय माप-तौल के अधिवेशन में SI को स्वीकार किया गया, जिसका पूरा नाम Le Systeme International d'Unites हैं । वास्तव में, यह पद्धति MKS पद्धति का ही संशोधित एवं परिवर्द्धित (improved and extended) रूप हैं । आजकल इसी पद्धति का प्रयोग किया जाता हैं । इस पद्धति में सात मूल मात्रक तथा दो सम्पूरक मात्रक (Supplementary units) हैं ।

SI के सात मूल मात्रक (Seven Fundamental Units) निम्नलिखित हैं : -

i. **लम्बाई (Length)** का मूल मात्रक मीटर (Meter) – SI में लम्बाई का मूल मात्रक मीटर हैं । । मीटर वह दूरी हैं, जिसे प्रकाश निर्वात् में 1/299792458 सेकण्ड में तय करता हैं ।

ii. **द्रव्यमान** (Mass) का मूल मात्रक किलोग्राम (Kilogram) & फ्रांस के सेवरिस नामक स्थान पर माप - तौल के अंतर्राष्ट्रीय (International Bureau of weight and Measurement- IBWM) में सुरक्षित रखे प्लेटिनम - इरीडियम मिश्रधातु के बने हुए बेलन के द्रव्यमान को मानक किलोग्राम कहते हैं । इसे संकेत में किग्रा (kg) लिखते हैं।

iii. **समय का मूल मात्रक सेकेण्ड-** सीजियम - 133 परमाणु की मूल अवस्था के दो निश्चित ऊर्जा स्तरों के बीच संक्रमण से उत्पन्न विकिरण के 9192631770 आवर्तकालों की अवधि को । सेकेण्ड कहते हैं । आइंस्टीन ने अपने प्रसिद्ध सापेक्षता का सिद्धांत (Theory of Relativity) में समय को चतुर्थ विमा (Fourth dimension) के रूप में प्रयुक्त किया हैं ।

iv. **विद्युत् - धारा (Electric Current)** & यदि दो लम्बे और पतले तारों को निर्वात में । मीटर की दूरी पर एक -दूसरे के समानान्तर रखा जाए और उनमें ऐसे परिमाण की समान विद्युत धारा प्रवाहित की जाए जिससे तारों के बीच प्रति मीटर लम्बाई में $2X10^{-7}$ न्यूटन का बल लगने लगे तो विद्युत् धारा के उस परिमाण को । एम्पियर कहा जाता हैं । इसका प्रतीक A हैं ।

v. **ताप (Temperature)** का मूल मात्रक (Kelvin) – जल के त्रिक बिंदु (triple point) के ऊष्मागतिक ताप के 1/273.16 वें भाग को केल्विन कहते हैं । इसका प्रतीक K होता हैं ।

vi. **ज्योति - तीव्रता (Luminous Intensity)** का मूल मात्रक (Candela) – किसी निश्चित दिशा में किसी प्रकाश स्त्रोंत की ज्योति - तीव्रता । कैंण्डेला तब की जाती हैं, जब यह स्त्रोंत उस दिशा में $540X10^{12}$ हर्ट्ज का तथा 1/683

वाट/स्टेरेडियन तीव्रता का एकवर्णीय प्रकाश (monochromatic) उत्सर्जित करता हैं। यदि घन कोण के अन्दर प्रति सेकण्ड । ल्यूल प्रकाश ऊर्जा उत्सर्जित हो, तो उसे। वाट/स्टेरेडियन कहते हैं।

vii. **पदार्थ की मात्रा** (Amount of Substance) का मूल मात्रक (Mole) - एक मोल, पदार्थ की वह मात्रा हैं, जिसमें उसके अवयवी तत्वों (परमाणु, अणु, आदि) की संख्या 6-023 X 10^{23} होती हैं । इस संख्या को ऐवागाड्रों नियतांक (Avogadro's Constant) कहते हैं/

SI के दो सम्पूरक मात्रक (Supplementary Units) हैं-

i. रेडियन
ii. स्टेरेडियन

रेडियन (Radian) – किसी वृत्त की त्रिज्या के बराबर लम्बाई के चाप द्वारा उसके केन्द्र पर बनाया गया कोण एक रेडियन होता हैं। इस मात्रक का प्रयोग समतल पर बने कोण (Plane angles) को मापने के लिए किया जाता हैं।

स्टेरेडियन (Steradian) – किसी गोले की सतह पर उसकी त्रिज्या के बराबर भुजा वर्गाकार क्षेत्रफल द्वारा गोले के केन्द्र पर बनाए गए घन कोण को। स्टरेडियन कहते हैं। यह ठोसीय कोणों (को मापने का मात्रक हैं।

मूल मात्रक (Fundamental Units)

भौतिक राशि	SI मात्रक/इकाई	संकेत
लंबाई (Length)	मीटर (Metre)	M
द्रव्यमान (Mass)	किलोग्राम (kilogram)	Kg
समय (Time)	सेकंड(Second)	S
विद्युत-धारा (Electric Current)	एम्पियर (Ampere)	A
ताप (Temperatur)	केल्विन (Kelvin)	K
ज्योति-तीव्रता (Luminous Intensity)	कैंडेला (Candela)	Cd
पदार्थ की मात्रा (substance)	मोल (Mole)	mol

अत्यधिक लंबी दूरियों को मापने में प्रयोग किए जाने वाले मात्रक

- **खगोलीय इकाई (Astronomical Unit- A.U.)** - यह दूरी का मात्रक हैं। सूर्य और पृथ्वी के बीच की मध्य दूरी (mean distance) खगोलीय इकाई कहलाती हैं।
  1 A.U. = 1.495 X 10^{11} Metres
- **प्रकाश वर्ष (Light Yearly) - यह दूरी का मात्रक हैं।** एक प्रकाश वर्ष निर्वात् में प्रकाश के द्वारा एक वर्ष में चली गयी दूरी हैं, जो 9-46 X 10^{15} मी. के बराबर होती हैं।
- **पारसेक (Parsec) = Parallax Second** - यह **दूरी मापने की सबसे बड़ी इकाई हैं** (1 Parsec = 3.08 X 10^{16}m) लम्बाई/दूरी के मात्रक:-

1 किलोमीटर (km)	1000 मी.
1 मील (Mile)	1.60934 किमी.
1 नाविकमील (NM)	1.852 किमी.
1 खगोलीय इकाई	1.495 X 10^{11} मी.
1 प्रकाश वर्ष (ly)	9.46 X 10^{15} मी.= 48612 A.U.
1 पारसेक (Parsec)	= 3.08X10^{16} मी. = 3.26 ly

दस की घात	पूर्व प्रत्यय	प्रतीक (Symbol)	दस की घात	पूर्व प्रत्यय (Prefix)	प्रतीक (Symbol)
10^{18}	एक्सा(exa)	E	10^{-18}	एटो (atto)	a
10^{15}	पेटा (peta)	Pz	10^{-15}	फेम्टो(femto)	f
10^{12}	टेरा (tera)	T	10^{-12}	पीको(pico)	p
10^{9}	गीगा(giga)	G	10^{-9}	नैनो (nano)	n
10^{6}	मेगा (mega)	M	10^{-6}	माइको (micro)	u
10^{3}	किलो (kilo)	K	10^{-3}	मिली (milli)	m
10^{2}	हेक्टो (hecto)	h	10^{-2}	सेंटी (centi)	c
10^{1}	डेका (deca)	da	10^{-1}	डेसी (deci)	d

व्युत्पन्न राशि एवं उनके मात्रक

राशि	मात्रक	संकेत
आवृत्ति	हट्ज	Hz
संवेग	किग्रा मी /सेकेण्ड	kg m/s
आवेग	न्यूटन /सेकेण्ड	N/s
पृष्ट तनाव	न्यूटन/मीटर	N/m
विद्युत आवेश	कूलॉम्ब	c
विभान्तर	वोल्ट	v
विद्युत प्रतिरोध	ओम	Ω
विद्युत धारिता	फैराडे	F
प्रेरक चुम्बकीय फ्लक्स	वेबर	Wb
ज्योति फ्लक्स	ल्यूमेन	Lm
प्रदीप्ति घनत्व	लक्स	Lx
प्रकाश तरंग दैर्ध्य	एग्स्ट्राम	$[A]^0$
प्रकाशीय दूरी	प्रकाश -वर्ष	ly
कार्य या ऊर्जा	जूल	J
त्वरण	मीटर /सेकण्ड	m/s^2

दाब	पास्कल	Pa
बल	न्यूटन	N
शक्ति	वाट	W
क्षेत्रफल	वर्गमीटर	m^2
आयतन	घनमीटर	m^3
चाल	मीटर /सेकेण्ड	m/s
कोणीयवेग	रेडियन/सेकेण्ड	Rad/s

कुछ विशेष मापक यंत्रः-

मापक यंत्र	***उपयोग***
बैरोमीटर	***वायुमंडलीय दाब मापने में***
हाइड्रोमीटर	तरल पदार्थों का सापेक्षित घनत्व
एनीमोमीटर	***वायु की गति/पवन वेग मापन***
एमीटर	***वायु की गति/पवन वेग मापन***
हाइग्रोमीटर	सापेक्षित आर्द्रता
मैनोमीटर	गैसों का दाब
गैलवेनोमीटर	विद्युत धारा की उपस्थिति
ऑडियोमीटर	ध्वनि की तीव्रता एवं आवृति
सोनार	समुद्र में डूबी वस्तुओं की दुरी
अल्टीमीटर	ऊँचाई मापने में
सिस्मोग्राफ	***भूकंप की तीव्रता***
कैरेटोमीटर	स्वर्ण की शुद्धता
स्टेथेस्कोप	हृदय की ध्वनि सुनने में
फैदोमीटर	***समुद्र की गहराई***

"महत्वपूर्ण राशियों के सूत्र

भौतिक राशि - सूत्र

घनत्व - द्रव्यमान/आयतन

त्वरण - वेग-परिवर्तन/समय

संवेग - द्रव्यमान × वेग

दाब - बल/क्षेत्रफल

स्थितिज ऊर्जा - द्रव्यमान × गुरुत्वीय त्वरण × ऊँचाई

शक्ति – कार्य / समय

बल-आघूर्ण - बल × लम्बवत दूरी

आवेग – बल × समय

कोण – चाप/त्रिज्या

सौर नियतांक – ऊर्जा / (क्षेत्रफल × समय)

कार्य बल एवं ऊर्जा

बल तथा बल आघात

बल वह बाह्य कारक है जो किसी वस्तु की विराम अथवा गति की अवस्था में परिवर्तन करता है या परिवर्तन करने का प्रयास करता है । बल का SIमात्रक न्यूटन अथवा किग्रा. मी./से.^{2} होता है।

बल आकर्षण या प्रतिकर्षण किसी भी रूप में होता है।

प्रकृति में मूलतः चार प्रकार के बल ही पाये जाते हैं ।-

- गुरुत्वाकर्षण बल(Gravitational force),
- प्रबल नाभिकीय बल(Strong Nuclear force),
- विद्युत चुम्बकीय बल(Electro-megnetic Force),
- दुर्बल नाभिकीय बल(Weak nuclear Force)।

(A) गुरुत्वाकर्षण बल :- कोई भी दो द्रव्यमान वाले कण एक-दुसरे को एक निश्चित बल से आकर्षित करते रहते हैं । इस बल को गुरुत्वाकर्षण बल कहते हैं। यह बल बहुत कम होता है, परन्तु विशाल खगोलीय पिंडो के बीच उनके अत्यधिक द्रव्यमान के कारण यह बल इतना प्रभावी हो जाता है कि वे पिंड संतुलन में बने रहें। उदाहरण के लिये, चन्द्रमा पृथ्वी के चारो ओर एवं ग्रह सूर्य के चारों ओर गुरुत्वाकर्षण बल के कारण ही घूमते हैं।

(B) ***विद्युत चुम्बकीय बल :-*** विद्युत चुम्बकीय बल दो बलों का संयुक्त प्रभाव होता है-

(i) ***चुंबकीय बल –*** प्रत्येक चुम्बक में दो ध्रुव (Pole) होते हैं। उत्तरी ध्रुव ओर दक्षिणी ध्रुव । दोनों ध्रुवों के बीच लगने वाले बल को चुम्बकीय बल कहते हैं ।

इसकी गणना निम्नलिखित सूत्र से की जाती है

$$Fm = 1/4\pi\mu \times S_1S_2 /r^2$$

जहाँ, S_1 ओर S_2 दोनों ध्रुवो की क्रमशः प्रबलता है, r ध्रुवों के मध्य की दूरी ओर μ ध्रुवों के बीच के माध्यम की पारगम्यता अथवा चुंबकशीलता है ।

(ii) ***स्थिर वैद्युत बल –*** दो स्थिर बिंदु आवेशों के बीच लगने वाले बल को स्थिर वैद्युत बल कहते हैं ।

- विद्युत और चुम्बकीय बल आपस में मिलकर विद्युत चुम्बकीय बल की रचना करते हैं । ये आकर्षण या प्रतिकर्षण प्रकृति के हो सकते हैं । यदि दोनों आवेशों की प्रकृति विपरीत हो तो बल आकर्षी प्रकृति का होता है।
- आवेश स्थिर है तो इनके बीच लगने वाला बल स्थिर वैद्युत बल तथा यदि आवेशों के बीच सापेक्ष गति होती है तो इनके बीच लगने वाला बल विद्युत चुम्बकीय बल होता है।
- विद्युत चुम्बकीय बल गुरुत्वाकर्षण बल से कई गुना अधिक शक्तिशाली होता है।

(C) प्रबल नाभिकीय बल – परमाणु के नाभिक में प्रोटोन एवं न्यूट्रोन एक-दुसरे के अत्यंत पास (10^{-15} मीटर) होते है, जबकि समान धनात्मक आवेश होने कारण दो प्रोटोनों को प्रतिकर्षित हो जाना चाहिए । अतः अवश्य ही नाभिक में कोई ऐसा बल कार्य करता है जो विभिन्न प्रोटोनों एवं न्यूट्रोनों को एक साथ बांधे रखता है । इस बल को प्रबल नाभिकीय बल कहते है।

(D) दुर्बल नाभिकीय बल – दुर्बल नाभिकीय बल केवल कुछ नाभिकीय प्रक्रियाओं,जैसे- β-क्षय इत्यादि के दौरान कार्य करता है। इस बल का परास अत्यंत कम लगभग 10^{-16} मीटर तक का होता है। यह गुरुत्वाकर्षण बल से तो प्रबल होता है लेकिन अन्य दोनों बलों से अत्यंत कमजोर होता है।

- ***प्रकृति में ज्ञात उपर्युक्त चारों बलों में से सबसे कमजोर गुरुत्व बल होता है।***

अनुसार एक या एक से अधिक वस्तुओं के निकाय (system) पर कोई बाहरी बल नहीं लग रहा हो, तो उस निकाय का कुल संवेग नियत रहता है, अर्थात् संरक्षित रहता है। इसे ही संवेग संरक्षण का नियम कहते हैं। अर्थात् एक वस्तु में जितना संवेग परिवर्तन होता है, दूसरी में उतना ही संवेग परिवर्तन विपरीत दिशा में हो जाता है। अतः जब कोई वस्तु पृथ्वी की ओर गिरती है, तो उसका वेग बढ़ता जाता है, जिससे उसका संवेग बढ़ जाता है। वस्तु भी पृथ्वी को ऊपर की ओर खींचती है, जिससे पृथ्वी का भी ऊपर की ओर संवेग उसी दर से बढ़ जाता है। इस प्रकार (पृथ्वी + वस्तु) का संवेग संरक्षित रहता है। चूंकि पृथ्वी का द्रव्यमान वस्तु की अपेक्षा बहुत अधिक होता है। अतः पृथ्वी में उत्पन्न वेग उपेक्षणीय होता है। रॉकेट के ऊपर जाने का सिद्धान्त भी संवेग संरक्षण पर आधारित है। रॉकेट से गैसें अत्यधिक वेग से पीछे की ओर निकलती है, जो रॉकेट को ऊपर उठने के लिए आवश्यक संवेग प्रदान करती है।

- ***रॉकेट प्रणोदन (Rocket Propulsion) : किसी रॉकेट की उड़ान उन शानदार उदाहरणों में से एक है, जिनमें न्यूटन का तीसरा नियम या संवेग-सरंक्षण नियम स्वयं को अभिव्यक्त करता है।*** । इसमें ईंधन की दहन से पैदा हुई गैसें बाहर निकलती हैं। और इसकी प्रतिक्रिया रॉकेट को धकेलती है। यह एक ऐसा उदाहरण है। जिसमें वस्तु का द्रव्यमान परिवर्तित होता रहता है क्योंकि रॉकेट में से गैस निकलती रहती है।

ध्वनि एवं ध्वनि तरंग

परिभाषा

- ध्वनि एक प्रकार का कम्पन या विक्षोभ है जो किसी ठोस, द्रव या गैस से होकर संचारित होती है, किन्तु मुख्य रूप से उन कम्पनों को ही ध्वनि कहते है जो मानव के कान (Ear) में सुनाई पड़ती है।
- ध्वनि एक यांत्रिक तरंग है न कि विद्युत चुम्बकीय तरंग।
- ध्वनि के संचरण के लिये माध्यम की जरुरत होती है।
- ठोस, द्रव, गैस एवं प्लाज्मा में ध्वनि का संचरण संभव है।
- द्रव, गैस एवं प्लाज्मा में ध्वनि केवल अनुदैर्ध्य तरंग के रूप में चलती है जबकि ठोसों में यह अनुप्रस्थ तरंग के रूप में संचरण कर सकती है।

तरंग संचरण (Transmission of Wave)

जिस किसी तरह से तरंग का संचरण संभव है उन्हें तरंग संचरण कहते है।

तरंगे (Waves) - तरंगो के द्वारा ऊर्जा एक स्थान से दुसरे स्थान की ओर गति करती है, अर्थात् किसी माध्यम में हुए वे विक्षोभ, जो माध्यम के कणों के प्रवाह के बिना ही माध्यम में एक स्थान से दुसरे स्थान की ओर गति करते है, तरंग कहलाते है अर्थात् तरंग, ऊर्जा के एक स्थान से दुसरे स्थान तक गमन का वह तरीका है, जिसमे माध्यम के कणों का गमन नही होता है।

तरंगे दो प्रकार की होती है-

1. यांत्रिक तरंगे, 2. अयांत्रिक तरंगे या विद्युत चुम्बकीय तरंगे

1. ***यांत्रिक तरंगे (Mechanical waves)-*** यांत्रिक तरंगे किसी भौतिक माध्यम में उत्पन्न वे विक्षोभ है, जो बिना अपना स्वरूप बदले एक निश्चित चाल से आगे बढती रहती है, अर्थात् वे ***तरंगे जिनके गमन के लिये एक भौतिक माध्यम (ठोस, द्रव, गैस) की आवश्यकता होती है, उन्हें यांत्रिक तरंगे कहते है।***

ध्वनि एक यांत्रिक तरंग है। यही कारण है कि इसके गमन के लिये एक माध्यम चाहिए और यह निर्वात में गमन नही कर सकती।इसलिए चन्द्रमा पर या अन्तरिक्ष में अन्तरिक्ष यात्री एक-दुसरे की आवाज नही सुन पाते है।

- यांत्रिक तरंगे जिस माध्यम में गति करती है, वहां ऊर्जा तथा संवेग का संचरण करती है, किन्तु माध्यम की स्थिति यथावत् बनी रहती है।
- ***यांत्रिक तरंगो का संचरण माध्यम के दो गुणों 'माध्यम की प्रत्यास्थता' तथा 'माध्यम का जडत्व' पर निर्भर करती है।***

यांत्रिक तरंगे मुख्यतः दो प्रकार की होती है –

- ***अनुप्रस्थ तरंगे (Transverse waves)-*** इसमें तरंग की गति की दिशा माध्यम के कणों के कम्पन करने की दिशा के लम्बवत होती है।

- अनुप्रस्थ तरंगो में ऊपर की ओर अधिकतम विस्थापन को श्रृंग तथा नीचे ओर अधिकतम विस्थापन को गर्त कहते है।
- श्रृंग और गर्त, तरंग संचरण के साथ इसकी दिशा में आगे की ओर बढ़ते जाते है।
- दो लगातार श्रृंगो या दो लगातार गर्तो के बीच की दूरी को तरंगदैर्ध्य कहते है।
- दो लगातार श्रृंगो या गर्तो के बीच की दूरी या एक तरंगदैर्ध्य के बराबर दूरी तय करने में लगे समय को तरंग का आवर्तकाल (T) कहते है।
- एकांक समय में होने वाले आवर्तकालों की संख्या को तरंग की आवृति(Frequency) कहते है।
- अनुप्रस्थ तरंगे केवल ठोसों में या द्रव की ऊपरी सतह पर उत्पन्न की जा सकती है, गैसों में नही, जैसे- तालाब में पत्थर फैंकने पर जल की सतह पर बनी तरंगे।
- ***अनुदैर्ध्य तरंगे (Longitudinal waves)-***

इसमें तरंग की गति की दिशा माध्यम के कणों के कम्पन की दिशा के समान्तर होती है।

सम्पीडन :- ध्वनि तरंगें अनुदैर्ध्य तरंगें हैं। जब एक वस्तु कम्पन करती है तब अपने आस – पास की वायु को संपीडित करती है। इस प्रकार एक उच्च घनत्व या दाब का क्षेत्र बनता है जिसे सम्पीडन (C) कहते है।

- संपीडन वह क्षेत्र है जहाँ माध्यम के कण पास – पास आकर उच्च दाब बनाते हैं।
- यह सम्पीडन कम्पमान वस्तु से दूर जाता है।

तरंग दैर्ध्य :-

- ध्वनि तरंग में एक संपीडन तथा एक सटे हुए विरलन की कुल लम्बाई को तरंग दैर्ध्य कहते हैं।
- दो क्रमागत संपीडनों या दो क्रमागत विरलनों के मध्य बिन्दुओं के बीच की दूरी को तरंग दैर्ध्य कहते हैं ।
- एक पूर्ण दोलन में कोई तरंग जितनी दूरी तय करती है, उसे तरंग दैर्ध्य कहते हैं ।
- तरंग दैर्ध्य को ग्रीक अक्षर लैम्डा (λ) से निरूपित करते हैं।
- इसका S.I. मात्रक मीटर (m) है ।

आवृत्ति :-

- एक सेकेण्ड में उत्पन्न पूर्ण तरंगों की संख्या या एक सेकेण्ड में कुल दोलनों की संख्या को आवृत्ति कहते हैं ।
- एक सेकेण्ड में गुजरने वाले सम्पीडनों तथा विरलनों की संख्या को भी आवृत्ति कहते हैं ।
- किसी तरंग की आवृत्ति उस तरंग को उत्पन्न करने वाली कम्पित वस्तु की आवृत्ति के बराबर होती है।
- आवृत्ति का S.I. मात्रक हट्र्ज (Hertz प्रतीक Hz) है ।
- आवृत्ति को ग्रीक अक्षर (ν) प्रदर्शित करते हैं ।

हट्र्ज :-

- एक हट्र्ज, एक कम्पन प्रति सेकेण्ड के बराबर होता है ।
- आवृत्ति का बड़ा मात्रक किलोहट्र्ज है । KHz = 1000 Hz.

आवर्तकाल :- एक कम्पन या दोलन को पूरा करने करने में लिए गये समय को आवर्तकाल कहते हैं ।

- दो क्रमागत संपीडन या विरलन को एक निश्चित बिन्दु से गुजरने में लगे समय को आवर्तकाल कहते हैं ।
- आवर्तकाल का S.I. मात्रक सेकेण्ड (S) है ।
- इसको T से निरूपित करते हैं ।
- किसी तरंग की आवृत्ति आवर्तकाल का व्युत्क्रमानुपाती है ।
- $n = 1/T$

आयाम :- किसी माध्यम के कणों के उनकी मूल स्थिति के दोनों ओर अधिकतम विस्थापन को तरंग का आयाम कहते हैं ।

- आयाम को ' A ' से निरूपित करते हैं ।
- इसका S.I. मात्रक मीटर ' m ' है ।
- ध्वनि से तारत्व, प्रबलता तथा गुणता जैसे अभिलक्षण पाये जाते हैं ।

तरंग वेग :- एक तरंग द्वारा एक सेकेण्ड में तय की गयी दूरी को तरंग का वेग कहते हैं ।

- इसका S.I. मात्रक मीटर / सेकेण्ड (ms^{-1}) है ।
- वेग = चली गयी दूरी/लिया गया समय
- $V = \lambda/T$ ध्वनि की तरंगदैर्ध्य है और यह T समय में चली गयी है ।

तरंग चाल, आवृति तथा तरंगदैर्ध्य में संबंध-

- यदि कम्पन करते हुए किसी कण का आवर्तकाल T तथा आवृति n हो तो कण T सेकेंड में तरंगदैर्ध्य λ के बराबर दूरी तय करेगा। अतः तरंग द्वारा प्रति सेकेंड तय दूरी या उसका वेग nλ के बराबर होता है।

  तरंग चाल = आवृति × तरंगदैर्ध्य

  $$\boxed{v = n\lambda}$$

- ठोसों में अनुदैर्ध्य तरंगो की चाल- यदि किसी ठोस पदार्थ का यंग प्रत्यास्थता गुणांक Y तथा पदार्थ का घनत्व d हो तथा पदार्थ एक लम्बी छड़ के रूप में हो तो छड़ में अनुप्रस्थ तरंगो की चाल- $(v) = \sqrt{\frac{y}{d}}$
- द्रवों में अनुदैर्ध्य तरंगों की चाल- यदि किसी द्रव का आयतन प्रत्यास्थता गुणांक B तथा इसका घनत्व d हो तो चाल-

  $$(v) = \sqrt{\frac{B}{d}}$$

- गैसों में अनुदैर्ध्य तरंगों की चाल अथवा न्यूटन का सूत्र- गैसों में अनुदैर्ध्य तरंगों की चाल का सूत्र द्रवों के समान ही होता है ।

  यदि अनुदैर्ध्य तरंगे(जैसे-ध्वनि) किसी गैस (वायु) में संचरण कर रही हो तो न्यूटन के अनुसार -

  $$\text{चाल } (v) = \sqrt{\frac{P}{d}}$$

  जहाँ P गैस का प्रारम्भिक दाब है।
- 0° पर वायु में ध्वनि की चाल लगभग 330मी./से. होती है।
- **ध्वनि के अभिलक्षण-** विभिन्न ध्वनियों को तीन अभिलक्षणों के आधार पर एक-दूसरे से विभेदित किया जा सकता है अर्थात् ध्वनि के प्रमुख तीन गुण होते हैं ।

  तारत्व (Pitch) :- ध्वनि का वह गुण जिसके आधार पर धीमी, मंद ध्वनि को तीक्ष्ण, बारीक ध्वनि से विभेदित किया जा सकता है, ध्वनि का तारत्व कहलाता है।
- ध्वनि का तारत्व ध्वनि की आवृत्ति पर निर्भर करता है ।
- यह आवृत्ति के समानुपाती होता है
- ज्यादा आवृत्ति = ऊँचा तारत्व, कम आवृत्ति = निम्न तारत्व
- आवृति जितनी अधिक होगी, ध्वनि का तारत्व उतना ही ऊँचा होगा ।
- पुरुषों की ध्वनि कम तारत्व की, मोटी होती है, जबकि महिलओं की ध्वनि उच्च तारत्व की, पतली एवं बारीक होती है ।
- गला बैठ जाने पर ध्वनि की आवृति कम हो जाती है, जिससे तारत्व कम हो जाता है और आवाज मोटी हो जाती है।

  उदहारण :- औरतों की आवाज तीक्ष्ण होती है उसका तारत्व ज्यादा होता है जबकि पुरुषों की आवाज का तारत्व कम होने से उनकी आवाज सपाट होती है । क्योंकि औरतों की वोकल कार्ड की आवृति अधिक होती है अर्थात तारत्व ज्यादा होता है जिससे आवाज़ पतली होती है ।

  उच्च तारत्व की ध्वनि में एक इकाई समय में बड़ी संख्या में सम्पीडन तथा विरलन एक निश्चित बिन्दु से गुजरते हैं ।
- निम्न तारत्व – कम आवृत्ति
- ज्यादा तारत्व – ज्यादा आवृत्ति

- इस समय का आधा समय पराध्वनि तरंगों द्वारा जहाँज से समुद्र तल तक जाने में लिया जाता है।
- यदि पराध्वनि के प्रेषण और संसूचन का समय अन्तराल d है, समुद्र जल में ध्वनि की चाल v है तब तरंग द्वारा तय की गयी दूरी = 2d

2d = v × t यह विधि प्रतिध्वनिक परास कहलाती है ।
सोनार का उपयोग :- समुद्र तल की गहराई नापने, जल के नीचे चट्टानों, घाटियों, पनडुब्बी, हिम शैल तथा डूबे हुए जहाँज का पता लगाने में किया जाता है ।

मानव कर्ण की सरचना :- कान संवेदी अंग है जिसकी सहायता से हम ध्वनि को सुन पाते हैं ।
- मानव कर्ण तीन हिस्सों से बना है बाह्य कर्ण, मध्य कर्ण, अन्तःकर्ण

बाह्य कर्ण :- बाह्य कान को कर्ण पल्लव कहते हैं, यह आस – पास से ध्वनि इकट्ठा करता है ।
- यह ध्वनि श्रवण नलिका से गुजरती है ।
- श्रवण नलिका के अन्त पर एक पतली लचीली झिल्ली कर्ण पटह या कर्ण पटह झिल्ली होती है।

मध्य कर्ण :- मध्य कर्ण में तीन हड्डियाँ मुग्दरक, निहाई और वलयक एक – दूसरे से जुड़ी होती हैं । मुग्दरक का स्वतन्त्र हिस्सा कर्णपट्ट से तथा वलयक का अंतकर्ण के अण्डाकार छिद्र की झिल्ली से जुड़ा होता है ।
अंतःकर्ण :- अंतःकर्ण में एक मुड़ी हुई नलिका कर्णावर्त होती है जो अण्डाकार छिद्र से जुड़ी होती है । कर्णावर्त में एक द्रव भरा होता है जिसमें तंत्रिका कोशिका होती है कर्णावर्त का दूसरा सिरा श्रवण तंत्रिका से जुड़ा होता है जो मस्तिष्क को जाती है।

लाप्लास का संशोधन- न्यूटन के सूत्र में यह माना गया था की गैस का ताप स्थिर रहता है, किंतु लाप्लास के अनुसार यह सही नही है। लाप्लास ने बताया कि न्यूटन के सूत्र में गैस का रुद्धोष्म आयतन प्रत्यास्थता गुणांक का उपयोग होना चाहिए।
- लाप्लास के अनुसार 0°C पर ध्वनि की चाल का मान प्रयोगों द्वारा प्राप्त मान(332मी./से.) के बराबर आता है। अतः लाप्लास का संशोधन सही है।
- ध्वनि की चाल ठोसो में सर्वाधिक, उससे कम द्रवों में तथा सबसे कम गैसों में होती है। ठोसो में ध्वनि की चाल लगभग 5130मी./से., द्रवों में लगभग 1450 मी./से. तथा गैसों में लगभग 332मी./से. होती है ।

मैक संख्या (Mach number)- एक निश्चित ताप व दाब पर एक माध्यम में किसी वस्तु की चाल तथा उसी माध्यम में ध्वनि की चाल के अनुपात को उस वस्तु की उस माध्यम में मैक संख्या कहते हैं।

$$\text{मैक संख्या} = \frac{\text{किसी माध्यम में पिंड की चाल}}{\text{उसी माध्यम में ध्वनि की चाल}}$$

- वायुयानों की चाल को मैक संख्या में मापा जाता है । यदि मैक संख्या का मान 1 है तो वस्तु की चाल ध्वनि की चाल के बराबर होगी, यदि मैक संख्या का मान 5 है तो उस वस्तु की चाल ध्वनि की चाल की पाँच गुनी होगी।
- ऐसी वस्तुएं जिनकी मैक संख्या 1 से अधिक होती है उन्हें पराध्वनिक कहते हैं, जबकि वे वस्तुएं जिनकी मैक संख्या 5 से अधिक होती है उन्हें हाइपरसोनिक कहा जाता है ।

➢ **परीक्षोपयोगी महत्वपूर्ण तथ्य**
- रडार, शत्रु के वायुयानों का पता लगाने के लिये रेडियो तरंगो का प्रयोग करता है।
- आती हुई कार की चाल को मापने के लिए यातायात अधिकारी उस पर सूक्ष्म तरंगो की किरणें डालता है।
- मनुष्यों के लिए शोर की सहन सीमा लगभग 80 से 90 डेसीबल होती है।
- **मनुष्यों के लिये मानक ध्वनि स्तर 30-60 डेसीबल है।**
- ध्वनि अनुदैर्ध्य तरंगो के रूप में यात्रा करती है।
- पुरुषों की अपेक्षा महिलाओं की आवाज का तारत्व अधिक होता है ।
- इकोसाउन्डिंग तकनीक का प्रयोगसागर की गहराई नापने में किया जाता है।
- चमगादड़ पराश्रव्य ध्वनि उत्पन्न करता है।
- ध्वनि तरंगो की गति लंबवत होती है।
- ध्वनि का तारत्व आवृति पर निर्भर करता है।
- स्टेथोस्कोप ध्वनि के सिद्धांत पर कार्य करता है।
- ध्वनि स्रोत और श्रोता के मध्य आपेक्षित गति के कारण आभासी आवृति में परिवर्तन 'डॉप्लर प्रभाव' है ।
- ध्वनि का वेग तरंगदैर्ध्य पर निर्भर करता है ।

प्रकाशिकी एवं लेंस

- प्रकाशिकी (Optics),भौतिक विज्ञान की वह शाखा जिसके अंतर्गत प्रकाश की प्रकृति एवं प्रकाश के गुणों का विस्तृत अध्ययन किया जाता है।
- प्रकाशिकी की दो शाखाएं होती हैं
  - किरण प्रकाशिकी
  - तरंग प्रकाशिकी
- **किरण प्रकाशिकी (Rey Optics) :** - इस शाखा के अंतर्गत हम प्रकाश की प्रकृति का अध्ययन करते हैं न्यूटन ने कनिकावाद सिद्धांत दिया जिसमे बताया कि प्रकाश कणीय प्रकृति रखता है एवं प्रकाश की घटनाएं परावर्तन अपवर्तन कर यह प्रकृति का समर्थन करती है।
- **तरंग प्रकाशिकी :-** इस शाखा के अंतर्गत हम प्रकाश की तरंग प्रकृति का अध्ययन करते हैं हाइगेन ने प्रकाश का तरंग सिद्धांत दिया जिसमें बताया कि प्रकाश तरंग प्रकृति दर्शाता है प्रकाश की व्यतिकरण, विवर्तन, ध्रुवण प्रकाश की तरंग प्रकृति का समर्थन करती है।

प्रकाश (light) - प्रकाश एक विद्युत चुंबकीय तरंग है ।
- इनसे प्राप्त विद्युत चुम्बकीय स्पेक्ट्रम का एक सूक्ष्म भाग ($4000A^0 - 7800A^0$) ही मानव नेत्र को वस्तुए दिखाने मे सहायक होता है, जिसे दृश्य प्रकाश कहते हैं।

परावर्तन के प्रकार :-

- परावर्तन दो प्रकार का होता है :-
  - नियमित परावर्तन
  - विसरित परावर्तन
- **नियमित परावर्तन :-** जब किसी प्रकाश को किसी सतह पर आपतित किया जाता है तो आपतित प्रकाश परावर्तित होकर एक निश्चित दिशा में का गमन करता है तो प्रकाश की यह घटना नियमित परावर्तन कहलाती है।
- **विसरित परावर्तन :-** जब प्रकाश की किरणें खुरदरी या असमतल सतह से टकराती हैं तो यह परावर्तित प्रकाश की किरणें सभी दिशाओं में फैल जाती है तो प्रकाश की किरणों के सभी दिशाओं में फैलने की घटना विसरित परावर्तन कहलाती है।
- पुस्तक को पढ़ते, सिनेमा हॉल में सिनेमा देखते, ब्लैक बोर्ड पर लिखे शब्दों को देखते समय विसरित परावर्तन का ही प्रयोग किया जाता है।
- आकाश का नीला रंग विसरित परावर्तन के कारण होता है।
- परावर्तन की घटना में कभी भी प्रकाश की चाल आवृत्ति,तरंग धैर्य नहीं बदलती है परंतु तीव्रता में परिवर्तन होता है जो पृष्ठ की प्रकृति पर निर्भर करती है।
- परावर्तन की घटनाएं सभी सतह से संभव होती हैं चाहे वह सतह समतल हो, उत्तल हो या अवतल हो।
- यदि कोई किरण अभिलंब से आते हुए किसी दर्पण पर आपतित होती है तो आपतन के पश्चात यह अपने पथ को वापिस प्राप्त करती है इस अवस्था में आपतन व परावर्तन कोण के मान शुन्य (0) होते हैं।
- किसी भी बिम्ब से अनंत किरणें निकलती हैं परंतु प्रतिबिंब निर्माण के लिए कम से कम 2 किरणों का मिलना आवश्यक है।

प्रकाश का अपवर्तन-

- जब प्रकाश एक माध्यम **जैसे**- वायु से दूसरे माध्यम (**जैसे** – काँच) में जाता है तो इसका एक भाग पहले माध्यम मे वापस आ जाता है तथा शेष भाग दूसरे माध्यम में प्रवेश कर जाता है। जब यह दूसरे माध्यम से गुजरता है तो इसकी संचरण दिशा परिवर्तित हो जाती है। यह अभिलम्ब की ओर झुक जाती है या अभिलम्ब प्रकाश से दूर हट जाती है। यह परिघटना अपवर्तन (Refraction) कहलाती है।
- प्रकाश के अपवर्तन में, जब प्रकाश एक माध्यम से दूसरे माध्यम में जाता है तो इसकी तीव्रता घट जाती है।
- **अपवर्तन के दो नियम हैं :-**

1. आपतित किरण, आपतन बिन्दु पर अभिलम्ब व अपवर्तित किरण तीनों एक ही तल मे होते हैं।
2. आपतन कोण की ज्या ($\sin i_1$) व अपवर्तन कोण की ज्या ($\sin i_2$) का अनुपात एक नियतांक होता है, जिसे दूसरे माध्यम का पहले माध्यम के सापेक्ष अपवर्तनांक कहते हैं।

नोट :- $\frac{\sin i}{\sin r}$ – नियतांक

अपवर्तन की क्रिया में प्रकाश की चाल, तरंग दैर्ध्य तथा तीव्रता बदल जाती है, जबकि प्रकाश की आवृत्ति अपरिवर्तित रहती है।



अपवर्तन के कारण : भिन्न – भिन्न माध्यमों में प्रकाश की चाल भिन्न – भिन्न होती है अतः एक माध्यम वीसे दूसरे माध्यम में जाने पर प्रकाश की किरण की चाल बदल जाती है आर्थत् अपरिवर्तन हो जाती है।

विभिन्न माध्यमों में प्रकाश की चाल और अपवर्तनांक :

माध्यम	**प्रकाश की चाल**	**अपवर्तनांक**
निर्वात / वायु	3×10^8 mts	1.0003
काँच	2×10^8 mts	1.52
जल	2.25×10^8 mts	1.33
हीरा	1.24×10^8 mts	2.42
तारपीन का तेल	2.04×10^8 mts	1.44

अपवर्तनांक : जब प्रकाश की किरण एक पारदर्शी माध्यम से दूसरे पारदर्शी माध्यम में जाती है तो अपवर्तन की घटना के कारण यह अपनी दिशा बदल लेती है। दो माध्यमों में दिशा परिवर्तन के अनुपात को अपवर्तनांक कहा जाता है।

निरपेक्ष अपवर्तनांक :-

यदि प्रकाश का अपवर्तन निर्वात से किसी अन्य माध्यम में होता है तो आपतन कोण की ज्या तथा अपवर्तन कोण की ज्या के अनुपात को निरपेक्ष अपवर्तनांक कहा जाता है।

$$\text{निरपेक्ष अपवर्तनांक} \frac{\text{निर्वात में प्रकाश की चाल}}{\text{किसी माध्यम में प्रकाश की चाल}}$$

प्रकाश के अपवर्तन के कुछ व्यावहारिक उदाहरण

- सघन माध्यम में स्थित वस्तु को विरल माध्यम से देखने पर वस्तु सम्पर्क पृष्ठ के निकट दिखाई देती है(जैसे- जल के अन्दर मछली जहां दिखाई देती है, तालाब मे उससे नीचे स्थित होती है।
- पानी मे पडी हुई कोई लकडी या कलम बाहर से देखने पर तिरछी दिखाई देती है।
- उगते तथा डूबते समय सूर्य क्षितिज के नीचे होने पर भी दिखाई देता है।

अध्याय – 2

रसायन विज्ञान का प्रारंभिक ज्ञान

सामान्य परिचय

'रसायनशास्त्र, **विज्ञान** की वह शाखा है जिसके अंतर्गत पदार्थों के संघटन, संरचना, गुणों और रासायनिक प्रतिक्रिया के दौरान इनमें हुए परिवर्तनों का अध्ययन किया जाता है। इसका शाब्दिक विन्यास रस + आयन है जिसका शाब्दिक अर्थ रसों (द्रवों) का अध्ययन है। ... संक्षेप में **रसायन विज्ञान** रासायनिक पदार्थों का वैज्ञानिक अध्ययन है।

एंटोनी लॉरेंट लेवोसियर को आधुनिक रसायन विज्ञान का जन्मदाता कहा जाता है।

- **पदार्थों की अवस्थाएं एवं वर्गीकरण (State of Matter and Classification)-**



भौतिक आधार पर वर्गीकरण :

इस आधार पर तीन प्रकार के होते हैं ? (i) ठोस (ii) द्रव (iii) गैस

(I) ठोस :- इनका आकार व आयतन निश्चित होता है ठोस कहलाता है ।

ठोस के गुण : ठोस दृढ होते है जिनका आकार तथा आयतन निश्चित होता है।

ठोस के अणुओं के मध्य 'अंतराणविक दूरी' बहुत कम होती है, अतः इनके मध्य 'अंतराणविक बल' अधिक होता है।

ठोस का घनत्व द्रवों व गैसों की तुलना में अधिक होता है।

ठोस को जब गर्म किया जाता है, तो ये द्रवों में बदल जाते हैं तथा इस क्रिया को गलन कहते है।

Note: वह बिंदु या ताप जिस पर कोई ठोस, द्रव में परिवर्तित हो जाता है गलनांक कहते है।

ठोस दो प्रकार के होते है।

(I) क्रिस्टलीय ठोस : वे ठोस जिनके संघटक (अणु, आयन या परमाणु) त्रिविमीय स्थान में निश्चित व्यामितीय अवस्था में व्यवस्थित रहते हैं। क्रिस्टलीय ठोस क कहलाते है।

उदाहरण- तांबा, चाँदी, सल्फर, क्वार्ट्ज़ आदि।

(2) अक्रिस्टलीय ठोस

वे पदार्थ जिनके संघटक एक निश्चित व्यवस्था में व्यवस्थित नहीं होते हैं अक्रिस्टलीय ठोस कहलाते है। उदाहरण :- काँच, रबर, प्लास्टिक

द्रव : वह पदार्थ जिनका आयतन तो निश्चित होता है किंतु आकार निश्चित नहीं होता, द्रव कहलाता है।

द्रवों के गुण : द्रवों का आकार निश्चित नहीं होता है, अर्थात् द्रवों को जिस बर्तन में रखा जाता है, उसी के जैसा आकार ले लेते हैं।

- द्रवों के अणुओं के मध्य ' 'अंतराणविक दूरी ठोस से अधिक जबकि गैसों की अपेक्षा कम होती है।
- द्रवों के अणुओं के मध्य 'अंतराणविक बल' ठोस से कम जबकि गैसों की अपेक्षा अधिक होते हैं।
- गैसों की अपेक्षा द्रवों का घनत्व अधिक होता है।

वाष्पीकरण (Evaporation) :

साधारण ताप पर किसी द्रव का वाष्प में बदलना वाष्पीकरण कहलाता है, ताप तथा पृष्ठ क्षेत्रफल बढ़ाने पर वाष्पीकरण की क्रिया बढ़ जाती है।

वह द्रव जिसमें "अंतराणविक बल 'कमजोर होता है, उसमें वाष्पीकरण की क्रिया तेज होती है ।

क्वथनांक (Boilling point) : द्रवों को गर्म करने पर वे वाष्प में परिवर्तित होने लगते हैं ।

वायुमण्डलीय दाब पर वह तापमान जिस पर द्रव उबलने लगता है उसे इसका क्वथनांक कहते है जल का क्वथनांक 373K (100°c) होता है ।

पृष्ठ तनाव (Surface Tension) :- किसी द्रव की सतह के अणु कुछ असंतुलित बलों के कारण तनाव में रहते हैं, द्रवों का यह गुण पृष्ठ तनाव कहलाता है ।

$$\text{पृष्ठ तनाव } (T) = \frac{\text{बल}}{\text{लंबाई}}$$

श्यानता (Viscosity) :- श्यानता द्रवों का वह गुण है जिसके कारण द्रवों के विभिन्न परतों के बीच लगने वाले आपसी घर्षण बल उनके गति में प्रतिरोध उत्पन्न करते हैं ।

किसी द्रव की श्यानता, उस द्रव के "अंतराणविक बलों का परिमाप होती है।

गाढ़े द्रव (शहद, ल्यूब्रिकेटिंग ऑयल) की श्यानता अधिक, जबकि पतले द्रव (जल, दूध) की श्यानता कम होती है।

ताप बढ़ाने पर किसी द्रव की श्यानता कम हो जाती है।

गैस : पदार्थ का वह गुण जिसमें न तो आकार और न ही आयतन निश्चित होता है गैस कहलाती है पदार्थ की तीनों अवस्थाएँ (ठोस, द्रव तथा गैस) ताप बढ़ाने पर आपस में परिवर्तनशील होती है।

गैसों का आकार व आयतन निश्चित नहीं होता है जिस बर्तन में गैस को रखा जाता है तो उसी बर्तन का आकार व आयतन ग्रहण कर लेती है।

गैसों के अणुओं के मध्य 'अंतराणविक बल' ठोस व द्रव की अपेक्षा सबसे कम होता है ।

'अंतराणविक बल' ठोस व द्रव की अपेक्षा सबसे कम होता है।

गैसों का घनत्व ठोस व द्रवों की अपेक्षा सबसे कम होता है।

किसी गैस व्यवहार को निर्धारित करने के लिए इसके प्रमुख चार गुण :

(i) गैस का आयतन

(ii) गैस का तापमान
(iii) तापमान
(iv) दाब

तत्व (Element)- वह शुद्ध पदार्थ जो सिर्फ एक ही तरह के परमाणु से मिलकर बना होता है और जिसको किसी ज्ञात भौतिक एवं रासायनिक विधि से न तो दो या दो से अधिक पदार्थों में विभाजित किया जा सकता है और न ही अन्य सरल पदार्थों के योग से बनाया जा सकता है उसे तत्व कहते हैं। जैसे- लोहा, आक्सीजन, सोना, चाँदी आदि। पृथ्वी पर पाये जाने वाले प्रमुख तत्व एवं उनका प्रतिशतः-

तत्व	भूपटल से प्रतिशत भाग
ऑक्सीजन	49.9
सिलिकन	26.0
एल्युमीनियम	7
लोहा	4.1
कैल्सियम	3.2
सोडियम	2.3
पोटैशियम	2.3
मैग्नीशियम	2.1
अन्य	2.8

यौगिक (Compound)- वह शुद्ध पदार्थ जो दो या दो से अधिक तत्व के निश्चित अनुपात में परस्पर क्रिया के संयोग से बनते हैं व जो साधारण विधि से पुनः तत्वों में विभाजित किये जा सकते हैं। यौगिक के गुण इसके संगठक तत्वों के गुणों से बिल्कुल भिन्न होते हैं। जैसे- पानी, नमक, एल्कोहल, क्लोरोफार्म आदि। यौगिकों में उपस्थिति तत्वों का अनुपात सदैव एक समान रहता है, चाहे वह यौगिक किसी भी स्त्रोत से क्यों न प्राप्त किया हो जैसे- जल में हाइड्रोजन व आक्सीजन 2 : 1 के अनुपात में पाये जाते हैं। यह अनुपात सदैव स्थिर रहता है, चाहे जल किसी भी स्रोत से क्यों न प्राप्त किया गया हो।

मिश्रण (Mixture)- वह अशुद्ध पदार्थ जो दो या दो से अधिक शुद्ध पदार्थों को किसी भी अनुपात में मिला देने से बनता है मिश्रण कहलाता है। मिश्रण में उपस्थित विभिन्न घटकों के गुण बदलते नहीं हैं। दूध, बालू- चीनी का जलीय विलयन, मिट्टी आदि मिश्रणों के उदाहरण हैं। मिश्रण दो प्रकार के होते हैं-

1. **समांगी मिश्रण (Homogeneous Mixture)-** मिश्रण जिसके सभी भागों में उसके अवयवों का अनुपात एक-सा रहता है समांगी मिश्रण कहलाता है। हवा में गैसों का मिश्रण, पानी में नमक व चीनी का मिश्रण आदि समांगी मिश्रण के उदाहरण हैं।
2. **विषमांगी मिश्रण (Heterogeneous Mixture)-** मिश्रण जिसके सभी भागों में उसके अवयवों का अनुपात एक सा नही रहता है, विषमांगी मिश्रण कहलाता है, जैसे बादल, बारूद आदि।

मिश्रण तथा यौगिक में अंतर :-

मिश्रण	यौगिक
तत्त्वों एवं यौगिकों के मेल से मिश्रण का निर्माण होता है।	तत्वों के मेल से भी यौगिक का निर्माण होता है।
मिश्रण का संघटन परिवर्तनीय होता है।	यौगिक का संघटन स्थायी होता है।
मिश्रण में उपस्थित घटकों के गुणधर्म मिश्रण में भी पृथक-पृथक रहते हैं।	यौगिक में उसके अवयवों का अलग-अलग गुणधर्म समाप्त हो कर पूरी तरह से भिन्न गुणधर्म वाला पदार्थ निर्मित होता है।
घटकों को भौतिक विधि द्वारा सुगमता से पृथक किया जा सकता है।	घटकों को केवल रासायनिक या वैद्युत रासायनिक प्रतिक्रिया द्वारा ही पृथक किया जा सकता है।
मिश्रण बनना एक भौतिक परिवर्तन का उदाहरण है- जल में चीनी का घुलना	यौगिक बनना एक रासायनिक परिवर्तन का उदाहरण है - हाइड्रोजन और ऑक्सीजन तत्वों से पानी बनना।

उर्ध्वपातन (Sublimation)- सामान्यतः ठोसों को गर्म करने पर वे पहले द्रव अवस्था में परिवर्तित होते हैं उसके पश्चात गैस अवस्था में। लेकिन कुछ ठोस पदार्थ ऐसे होते है जिन्हें गर्म किये जाने पर द्रव अवस्था में आने की बजाय सीधे वाष्प में बदल जाते हैं और वाष्प को ठंडा किये जाने पर पुनः ठोस अवस्था में आ जाते हैं जैसे- कपूर- आयोडीन आदि।

पदार्थ के भौतिक गुण :-

द्रव्यमान (Mass)- किसी पिंड में विद्यमान पदार्थ की मात्रा उस वस्तु का द्रव्यमान कहलाती है।

आयतन (Volume)- किसी पदार्थ द्वारा घेरा गया स्थान उसका आयतन कहलाता है।

भार (Weight)- किसी वस्तु के द्रव्यमान एवं पृथ्वी द्वारा उस पर लगाये गये गुरुत्व बल के गुणनफल को वस्तु का भार कहते हैं।

घनत्व (Density)- किसी पदार्थ के इकाई आयतन में **निहित द्रव्यमान उस पदार्थ** का घनत्व कहलाता है। यदि किसी पदार्थ का द्रव्यमान M तथा आयतन V हो तो घनत्व का सूत्र $d = \frac{m}{v}$ होगा। घनत्व का SI मात्रक किलोग्राम प्रति घन मीटर kg/m^2 होता है।

विशिष्ट घनत्व (Specific Gravity)- किसी पदार्थ के घनत्व एवं 4^oC पर पानी के घनत्व का अनुपात विशिष्ट घनत्व कहलाता है।

विशिष्ट घनत्व = $\frac{\text{पदार्थ का घनत्व}}{4^oC \text{ पर पानी का घनत्व}}$

- कोरंडम एल्युमीनियम ऑक्साइड के प्राकृतिक क्रिस्टल रूप होते हैं।
- माणिक्य तथा नीलम कोरंडम के जवाहरात रूप होते हैं।

धातु	अयस्क
तांबा	**अजुराइट** (Azurite) चालकोसाइट (Chalcocite) **कॉपर पायराइट** (Copper Pyrite) क्यूप्राइट (Cuprite)
कैल्सियम	कैल्सियम कार्बोनेट जिप्सम (Gypsum) फलूयोरोस्पार (Flurospar) फॉस्फोराइट
एल्युमिनियम	**बॉक्साइट** (Bauxite) क्रायोलाइट (Cryolite) कोरनडम (Corundum) डायस्पोर (Diaspore)
सोडियम	सोडियम क्लोराइड सोडियम कार्बोनेट सोडियम नाइट्रेट बोरेक्स
टिन	कैसीटेराइट (Casiterite)
चांदी	नेटिव सिल्वर (Native Silver) अर्जेन्टाइट (Argentite) केरामाइराइट (Keragyrite)
जस्ता	स्फेलेराइट (Sphelerite) **जिंक ब्लैन्ड** (Zinc Blende) फ्रेंकलिनाइट (Franklinite) कैलामीन (Calamine) **जिंकाइट** (Zincite)
पोटेशियम	पोटेशियम क्लोराइड पोटेशियम कार्बोनेट पोटेशियम नाइट्रेट
मैग्नेशियम	मैंगनेसाइट (Magnesite) डोलोमाइट (Dolomite) कार्निलाइट (Carnallite) ऐपसम साल्ट (Epsom Salt)
मर्करी	सिनेबार (Cinnabar)
मैंगनीज	पाइरोलुसाइट (Phrolusite) मैंग्नेटाइट (Magnatite)
लोहा	**मैंग्नेटाइट** (Magnatite) **हेमाटाइट** (Haematite) लाइमोनाइट (Liamonoite) सिडेराइट (Siderite) आइरन पाइराइट (Iron Phyrite)
	कैल्कोपाइराइट (Chaleopyrites)
यूरेनियम	पिचब्लेंड कार्नेटाइट
लेड	गैलेना (Gelena)

नोट- नीलम व माणिक्य (रूबी) एल्युमिनियम के ऑक्साइड हैं तथा एल्युमिनियम अनुचुम्बकीय है अर्थात् चुम्बक द्वारा आकर्षित नहीं होता।

मिश्र धातु	संघटन
पीतल	ताँबा 70%, जिंक 30%
गन मेटल	ताँबा 88%, जिंक 2%, टिन 10%
स्टैनलेस स्टील	आयरन 89.4%, क्रोमियम 10%, मैंगनीज 0.35%, कार्बन 25%
मुंट्ज धातु	ताँबा 60%, तथा जस्ता 40%
डच धातु	ताँबा 80% तथा जस्ता 20%
जर्मन सिल्वर	ताँबा 51%, निकेल 14%, जिंक 35%
कांसा	ताँबा 89%, टिन 11%
मैंगनेलियम	एल्युमिनियम 95%, मैंग्नेशियम 5%
ड्यूरेलुमिन	एल्युमिनियम 95%, ताँबा 4%, मैंगनीज 0.5%, मैंगनीशियम 0.5%
मुद्रा धातु	**सीसा 75%, टिन 5%, तथा एंटीमनी 20%**
घंटा-धातु	ताँबा 80%, टिन 20%
रोल्ड गोल्ड	ताँबा 89.9%, एल्युमिनियम 10.1%
नाइक्रोम	निकेल, लोहा, क्रोमियम तथा मैंगनीज
